www.summerexpress.in

समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 6:21 बजे
सूर्यास्त शाम 6:00 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-2 • अंक-34 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • सोमवार 12, अक्टूबर 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु

न्यूज ब्रीफ

खैबर पख्तूनख्वा में आपातकाल लागू

इस्लामाबाद| पाकिस्तान की संघीय सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत में आपातकाल और गवर्नर शासन की घोषणा कर दी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने इस फैसले पर अपनी मुहर लगा दी। संघीय सरकार का तर्क है कि प्रांत में आतंकवादी घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है और वहां की मौजूदा प्रांतीय सरकार स्थिति को नियंत्रित करने और आतंकवाद से लड़ने में जानबूझकर पीछे हट रही है। इस फैसले के बाद से ही पाकिस्तान में राजनीतिक उबाल आ गया है। केपी में सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस कदम की कड़ी निंदा की है।

रियाद हवाई अड्डे पर हमला की निंदा

रियाद| सऊदी अरब की राजधानी रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए एक भीषण हमले ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार को हुए इस भयंकर हमले में 12 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। जान गंवाने वालों में चार सऊदी नागरिक और आठ विदेशी शामिल हैं, जो अमेरिका, बांग्लादेश, जॉर्डन और मिस्र जैसे देशों से थे। इसके अलावा 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और उनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने इस भयानक हमले के लिए ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को जिम्मेदार ठहराया है। हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है और दूतावासों ने अपने नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

पनामा में विनाशकारी भूकंप, गिरी इमारतें

पनामा | पनामा सरकार ने 9 अक्टूबर को आए 7.5 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद देश भर में आपातकाल की घोषणा कर दी है। इस महत्वपूर्ण फैसले का मुख्य उद्देश्य राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाना और प्रभावित समुदायों तक बिना किसी देरी के आवश्यक मदद पहुंचाना है। राष्ट्रपति होसे राउल मुलिनो के विशेष निर्देश पर राहत कार्यों के समन्वय, संसाधनों के प्रबंधन और प्रभावित इलाकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विशेष आयोग का गठन किया गया है। इस भीषण भूकंप का केंद्र लोस सैंटोस प्रांत के टोनोसी शहर से लगभग 39 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित था। भूकंप के तेज झटके राजधानी पनामा सिटी तक भी महसूस किए गए।

सिटीजन रिपोर्टर

अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 8699221114 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।

BOOK YOUR ADVERTISEMENT

If you want to publish your advertisement on our newspaper

समर एक्सप्रेस

CONTACT:
+91 6283 860 059

आप का दावा: चार शहरों में अब तक एक लाख से अधिक लोग जुड़े

अमृतसर में 'यूथ रन पंजाब 2026' नशे के खिलाफ दौड़े हजारों युवा

• 'नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत रंजीत एवेन्यू से सुबह 6 बजे शुरू हुई मैराथन; अमनशेर सिंह शैरी कलसी ने दिखाई हरी झंडी

समर न्यूज | अमृतसर

पंजाब में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे 'नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के यूथ विंग ने रविवार को अमृतसर में 'यूथ रन पंजाब 2026' का आयोजन किया। रंजीत एवेन्यू से सुबह छह बजे शुरू हुई इस मैराथन में हजारों युवाओं, खिलाड़ियों और विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। आयोजन के माध्यम से नशे से दूरी, खेलों से जुड़ाव, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया।

मैराथन को आप पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अमृतसर से पार्टी के कई नेताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर युवाओं का उत्साह बढ़ाया। पार्टी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाना और उन्हें नशे से दूर रखकर खेल गतिविधियों से जोड़ना है। शैरी कलसी ने कहा कि 'यूथ रन पंजाब 2026' में युवाओं की बड़ी भागीदारी यह दर्शाती है कि पंजाब की युवा पीढ़ी खेल और फिटनेस को अपनाने के लिए आगे आ रही है। उन्होंने विपक्ष पर पंजाब के युवाओं की नकारात्मक छवि पेश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों में उमड़ रही भीड़ राज्य की सकारात्मक तस्वीर सामने रखती है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए दावा किया कि सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे की राह पर चले गए युवाओं को भी दोबारा सकारात्मक जीवन से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

आप के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि इससे पहले मोहाली, बठिंडा और जालंधर में भी 'यूथ रन पंजाब' को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। अमृतसर में आयोजित यह इस श्रृंखला का चौथा कार्यक्रम था। उनके अनुसार माझा क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवा और पहलवान सुबह से ही कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि हजारों बच्चों और युवाओं की भागीदारी यह संदेश देती है कि पंजाब का युवा खेल और फिटनेस को अपना रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना नशे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन सकता है। आप का दावा है कि मोहाली, बठिंडा, जालंधर और अमृतसर में आयोजित 'यूथ रन पंजाब 2026' कार्यक्रमों में अब तक एक लाख से अधिक लोग भाग ले चुके हैं। पार्टी का कहना है कि इस अभियान के जरिए युवाओं, महिलाओं, बच्चों, खिलाड़ियों और वरिष्ठ नागरिकों को नशामुक्त तथा 'रंगला पंजाब' के संकल्प से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

बंगला साहिब गुरुद्वारे में पुलिस प्रवेश पर आप ने जताया विरोध

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की निंदा की; गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की

एजेंसी | चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में पुलिस के कथित रूप से जूते पहनकर प्रवेश करने और प्रदर्शनकारियों को बाहर निकालने की घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की है। पार्टी ने इसे सिख मर्यादा के उल्लंघन का मामला बताते हुए अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज से भी केंद्र सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाने की अपील की है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोशल मीडिया पर घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने गुरुद्वारे की मर्यादा का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारे जरूरतमंदों और शरण लेने वालों के लिए हमेशा खुले रहते हैं और वहां पहुंचे प्रदर्शनकारियों को भी संरक्षण मिलना चाहिए था।

मान ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी कथित तौर पर सिर ढके बिना और जूते पहनकर गुरुद्वारे में दाखिल हुए। उन्होंने इसे सिख भावनाओं को आहत करने वाली कार्रवाई बताया।

आप के महासचिव बलतेज पन्नू ने चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस घटना से सिख समुदाय में नाराजगी है। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रदर्शनकारी कोई अपराधी या आतंकवादी नहीं थे, फिर ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि पुलिस गुरुद्वारे की धार्मिक मर्यादा का ध्यान नहीं रख सकी। पन्नू ने कहा कि दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है, इसलिए अमित शाह को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए।

आप नेताओं ने अकाल तख्त से भी इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। पार्टी ने इस घटना की तुलना अतीत की उन घटनाओं से की, जब धार्मिक स्थलों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई को लेकर विवाद हुआ था।हालांकि, गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब का प्रबंधन संभालने वाली दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पुलिस कार्रवाई का बचाव किया है। हरमीत सिंह कालका ने कहा कि पुलिस प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने के लिए गुरुद्वारे में दाखिल हुई थी।

गुरुद्वारा बंगला साहिब को राजनीतिक विवाद में घसीटने पर कमेटी ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली | दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारा बंगला साहिब को राजनीतिक विवाद में घसीटे जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गुरुद्वारे राजनीतिक प्रदर्शन के लिए नहीं हैं और किसी को भी धार्मिक स्थल के अंदर पोस्टर-बैनर लेकर विरोध करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कालका ने दावा किया कि करीब 150 से 200 युवक-युवतियां गुरुद्वारा परिसर में पहुंचे और राजनीतिक नारेबाजी तथा पोस्टर-बैनर के साथ प्रदर्शन करने लगे। उनके अनुसार, सेवादारों के समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारी नहीं माने। उन्होंने कहा कि पुलिस गुरुद्वारे के मुख्य धार्मिक हिस्से में नहीं गई, हालांकि पुलिसकर्मी परिसर में मौजूद थे। कालका के मुताबिक किसी पुलिस अधिकारी ने गुरुद्वारे की सीढ़ियां तक नहीं चढ़ीं। दिल्ली पुलिस ने भी कहा है कि वायरल वीडियो को गलत संदर्भ में प्रसारित किया गया। पुलिस के अनुसार, पुलिसकर्मी जूते उतारने वाले स्थान तक जाने वाले रास्ते से गुजर रहे थे। कालका ने कहा कि गुरुद्वारा सभी के लिए खुला है ।

परगट ने संभाली पंजाब कांग्रेस की कमान

बारिश के बीच शपथ ग्रहण समारोह में एक मंच पर दिखे दिग्गज नेता

• परगट बोले-पंजाब के मुद्दे और आम लोगों की आकांक्षाएं रहेंगी प्राथमिकता

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष परगट सिंह ने रविवार को औपचारिक रूप से पदभार संभाल लिया। चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एक मंच पर दिखाई दिए। हालांकि कार्यक्रम के दौरान तेज बारिश ने कुछ समय के लिए व्यवस्था प्रभावित की, लेकिन कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कार्यक्रम में डटे रहे।

समारोह में पंजाब कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और चंडीगढ़ सांसद मनीष तिवारी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल का दौरा दिल्ली में पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के कारण रद्द हो गया।

पदभार संभालने से पहले परगट सिंह ने कहा कि वह नवरात्र के पहले दिन नई राजनीतिक जिम्मेदारी की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुद्दे और आम लोगों की आकांक्षाएं उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रहेंगी।

परगट सिंह ने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पंजाब की प्रशासनिक व्यवस्था राजनीतिक दबाव में काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ अपना दायित्व निभाने की अपील की। परगट ने कहा कि वह साफ-सुथरी राजनीति करेंगे और बदले की राजनीति में विश्वास नहीं रखते।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग ने परगट सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की मजबूती के लिए आगे भी काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी हैं और उन्होंने पार्टी नेतृत्व से उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद रखने की अपील की है, जिन्होंने पिछले साढ़े चार वर्षों में संगठन के लिए काम किया।

वड़िंग अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस भवन पहुंचे। इससे पहले उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित अपने किराये के आवास पर समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन भी किया।

पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने बारिश को शुभ संकेत बताया। समारोह के दौरान कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की और आने वाले राजनीतिक मुकाबलों के लिए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

फिरोजपुर समेत अन्य मंडियों में भी खुले में रखा धान भीगा; फाजिल्का में पानी में बहा धान

बारिश ने पंजाब की मंडियों में बढ़ाई किसानों की चिंता

• आढ़तियों ने निकासी व्यवस्था पर उठाए सवाल, फाजिल्का डीसी ने मंडी बोर्ड अधिकारियों पर कार्रवाई की सिफारिश की

एजेंसी | चंडीगढ़/फाजिल्का

• अमृतसर में खराब मौसम फ्लाइट्स दिल्ली डायवर्ट

अमृतसर में खराब मौसम के कारण तीन फ्लाइट्स को दिल्ली डायवर्ट करना पड़ा। इनमें एक एयर इंडिया एक्सप्रेस और दो इंडिगो की फ्लाइट्स शामिल हैं। ये उड़ानें दुबई, श्रीनगर और बेंगलुरु से अमृतसर आ रही थीं। मौसम खराब होने के चलते तीनों विमानों को दिल्ली भेज दिया गया। मौसम विभाग ने पंजाब के 8 जिलों बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसमें पठानकोट, होशियारपुर, नवांशहर, फाजिल्का, मुक्तसर, बठिंडा, रूपनगर, मोहाली, गुरदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर, फिरोजपुर, फरीदकोट, मोगा, लुधियाना, बरनाला, मानसा, संगरूर, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला शामिल हैं।

पंजाब में धान खरीद सीजन के बीच रविवार सुबह हुई बारिश ने किसानों और आढ़तियों की परेशानी बढ़ा दी। फाजिल्का अनाज मंडी में जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के आरोपों के बीच कई हिस्सों में पानी भर गया। खुले में रखी धान की ढेरियां पानी में बहती नजर आईं, जबकि बड़ी संख्या में भरी हुई बोरियां भी जलभराव की चपेट में आ गईं। फिरोजपुर की दाना मंडी समेत प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी धान भीगने की खबरें सामने आई हैं।

फाजिल्का में रविवार सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई तेज बारिश लगभग एक घंटे तक जारी रही। स्थानीय रिपोर्टों के मुताबिक मंडी के निचले इलाकों में पानी जमा होने से स्थिति सबसे ज्यादा खराब हुई। मंडी पहले ही धान की भारी आवक के कारण लगभग पूरी क्षमता पर चल रही थी और जगह की कमी के चलते काफी फसल निचले हिस्सों में रखी गई थी। किसान रवि चौधरी ने बताया कि उनकी करीब 15 एकड़ की फसल मंडी में लाई गई थी। उनका कहना है कि धान को तिरपाल से ढकने के बावजूद लगातार बारिश और पानी के बहाव ने फसल को नुकसान पहुंचाया। आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गोल्डी सचदेवा ने नुकसान को करोड़ों रुपये का बताते हुए आरोप लगाया कि जल निकासी के लिए समय रहते पर्याप्त प्रबंध नहीं किए गए। उनके मुताबिक आढ़ती पहले भी संबंधित अधिकारियों को इस समस्या के बारे में आगाह कर चुके थे। हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन पानी निकलने और प्रभावित धान की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

आढ़ती सुमंत सेतिया ने प्रभावित किसानों को नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने और कथित लापरवाही के लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। फाजिल्का मार्केट कमेटी के सचिव मनदीप कामरा ने इसे प्राकृतिक आपदा बताते हुए कहा कि मंडी में जमा पानी निकालने के लिए पंपिंग मोटर लगाई गई हैं। वहीं डिप्टी कमिश्नर अमरप्रीत कौर संधू ने कहा कि मंडी बोर्ड के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

बारिश का असर केवल फाजिल्का तक सीमित नहीं रहा। फिरोजपुर समेत कुछ अन्य मंडियों में भी खुले में रखे धान के भीगने की सूचना मिली है। इस घटनाक्रम ने खरीद सीजन में मंडियों में पर्याप्त शेड, जल निकासी और फसल के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पेज 1 एंकर स्टोरी | **पीएम मोदी और मुख्यमंत्री विजय ने किया उद्घाटन**

चेन्नई में पूंदमल्ली-वडपलनी मेट्रो सेवा शुरू

एजेंसी | चेन्नई

चेन्नई में दूसरे चरण की मेट्रो रेल परियोजना के तहत पूंदमल्ली बाईपास से वडपलनी तक तैयार किए गए पहले हिस्से को रविवार को जनता के लिए खोल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने संयुक्त रूप से नई मेट्रो सेवा का उद्घाटन किया।

इसके बाद दोनों नेताओं ने मेट्रो ट्रेन में एक साथ यात्रा की और इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों तथा आम यात्रियों से बातचीत की। करीब 14.6 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर का उद्देश्य चेन्नई में बढ़ते यातायात दबाव को कम करना और लोगों के यात्रा समय में कमी लाना है। दूसरे चरण की परियोजना के इस पहले हिस्से में फिलहाल 11 मेट्रो स्टेशन शुरू किए गए हैं। मेट्रो प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं तथा जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार सुबह विशेष विमान से चेन्नई पहुंचे। हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री विजय और राज्य सरकार के मंत्रियों ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।

इसके बाद प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से पोरूर के लिए रवाना हुए। हवाई अड्डे से पोरूर तक विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ता और आम लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने रास्ते में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पोरूर मेट्रो स्टेशन पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विजय ने पूंदमल्ली–वडपलनी मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उद्घाटन के बाद दोनों नेताओं ने मेट्रो में यात्रा की। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों और यात्रियों से मेट्रो सुविधा तथा उनके अनुभवों को लेकर बातचीत की। नई मेट्रो सेवा शुरू होने से पूंदमल्ली, पोरूर और वडपलनी के बीच रोजाना यात्रा करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही सड़क यातायात पर दबाव कम होने और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने में भी इस कॉरिडोर की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है।

तरनतारन में एएसआई की गोली मारकर हत्या

तरनतारन| तरनतारन में रविवार देर शाम काउंटर इंटेलिजेंस में तैनात एक एएसआई की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय इकबाल सिंह के रूप में हुई है, जो नौशहरा पन्नूआ के रहने वाले थे और फिरोजपुर में काउंटर इंटेलिजेंस में तैनात थे। जानकारी के अनुसार, इकबाल सिंह रविवार शाम ड्यूटी समाप्त करने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। करीब साढ़े सात बजे जब वह नौशहरा से लोहका रोड पर स्थित पटवारखाने के पास पहुंचे तो मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी। पुलिस के मुताबिक एएसआई को दो गोलियां लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी गई।

दिलजीत ने दिल्ली में कॉन्सर्ट की तारीख बदलकर की 30 अक्टूबर

• राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़ी संवेदनाओं का हवाला देकर तारीख बदलने की अपील की थी

समर न्यूज | नई दिल्ली

पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने दिल्ली में होने वाले अपने कॉन्सर्ट की तारीख बदल दी है। पहले यह कार्यक्रम 1 नवंबर को होना था, लेकिन अब आयोजकों ने इसे 30 अक्टूबर को आयोजित करने का फैसला किया है।

पंजाब से राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने एक दिन पहले दिलजीत दोसांझ से कॉन्सर्ट की तारीख बदलने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि 1 नवंबर की तारीख 1984 के सिख विरोधी दंगों से प्रभावित परिवारों के लिए बेहद पीड़ादायक है और यह दिन उन्हें अपने प्रियजनों की मौत तथा उस त्रासदी की याद दिलाता है।

साहनी की अपील के बाद आयोजकों ने कार्यक्रम की नई तारीख घोषित कर दी। फैसले का स्वागत करते हुए साहनी ने दिलजीत दोसांझ और आयोजकों का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि दिलजीत ने उनकी अपील को स्वीकार कर पीड़ित परिवारों की भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाई है। साहनी ने दिलजीत को पंजाब का सच्चा बेटा और वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने वाला पगड़ीधारी कलाकार बताते हुए कहा कि उनका यह फैसला उनके सामाजिक दायित्व और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

अब दिल्ली में दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट 30 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।